## महत्वपूर्ण एवं खास

### यूपी: मुजफ्फरनगर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, इनामी बदमाश घायल

मुजफ्फरनगर। पुलिस और बदमाशों के बीच हुई इस मुठभेड़ में 15 हजार का इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हुआ है. जिसके पास से एक तमंचा और बाइक बरामद की गई है. साथ ही इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हुआ है. दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया.

### एनसीआर में 300 करोड़ के जीएसटी घोटाले का भंडाफोड़, सीए समेत तीन गिरफ्तार

मेरठ। जीएसटी इंटेलिजेंस टीम ने नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली में एक 300 करोड़ रुपए के जीएसटी घोटाले का सोमवार को भंडाफोड़ किया। जीएसटी चोरी के मामले में डीजीजीआई (डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस) ने एक सीए समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली की फर्मों के साथ मिलकर करीब 297 करोड़ रुपये से अधिक के फर्जी खरीद-बिक्री बिल तैयार करने और फर्जी तरीके से 50 करोड़ रुपए रिफंड हासिल करने का मामला सामने आया है। मेरठ स्थित डीजीजीआई कार्यालय की कई टीमों ने सोमवार को गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली में छापेमारी की थी जिसमें दिल्ली के चंद्र विहार से एक सीए, एक टैक्स अधिवक्ता और उनके एक सहयोगी को गिरफ्तार किया। स्थानीय व्यापारियों ने सूचना थी कि, कुछ लोग बड़े पैमाने पर फर्जी टैक्स बिल तैयार कर आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) क्लेम कर रहे हैं। इस काम में कई फर्जी फर्म शामिल हैं, जो जीएसटी के तहत रजिस्टर्ड हैं लेकिन वास्तविकता में उनका कोई अता-पता नहीं है।

### करूणा शुक्ला सहित कांग्रेस प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया

**नामांकन दाखिल करने से पूर्व भव्य रैली निकालकर दिखाई ताकत**

राजनांदगांव (आरएनएस)। राजनांदगांव विधानसभा से मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ रही कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती करूणा शुक्ला ने मंगलवार को कांग्रेस के अन्य 5 प्रत्याशीं गिरवर जंघेल, श्रीमती चन्नी साहू, भुनेश्वर बघेल, दलेश्वर साहू और इंद्रशाह मंडावी के साथ नामांकन दाखिल किया। सभी कांग्रेस प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल करने से पूर्व सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भव्य रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन भी किया।

### छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा 28 को

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा 28 अक्टूबर को आयोजित की गई है। परीक्षा दो पालियों में प्रथम पाली सुबह 10 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक एवं द्वितीय पाली पूर्वान्ह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक निर्धारित 32 परीक्षा केन्द्रों में संचालित होगी। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती पूनम शर्मा को नोडल अधिकारी तथा सहायक परियोजना अधिकारी के.एस. पटले को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### बसपा प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी, रायपुर दक्षिण से उमेश मानिकपुरी होंगे प्रत्याशी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2018 के लिए छत्तीसगढ़ बसपा ने दूसरे चरण के चुनाव के लिए अपनी तीसरी सूची जारी कर दी है। सूची के अनुसार उमेश मानिकपुरी को रायपुर दक्षिण विधानसभा का प्रत्याशी बनाया गया है वहीं मस्तूरी से जयेन्द्र सिंह पाटले, खरसिया से विजय जायसवाल, बिंद्रानवागढ़ से देवी सिंह माझी को प्रत्याशी बनाया गया। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के दिशानिर्देशा अनुसार 23 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ राज्य के चुनाव प्रत्याशियों की सूची जारी की गई है

### चिकित्सकों व निजी अस्पतालों में दवाईयों के नाम पर हो रहे मरीजों से लूट

जगदलपुर (आरएनएस)। शहर के दवा विक्रताओं ने निजी अस्पतालों और चिकित्सकों पर दवाईयों के द्वारा मरीजों का भयानक शोषण करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि आज शहर में इलाज के नाम पर कमीशन का घिनौना खेल चल रहा है और मरीज इसमें पिस रहे हैं। दवा विक्रेताओं ने साफ-साफ कहा कि दवाओं के थोक विक्रेताओं के साथ मिलकर चिकित्सक व निजी अस्पताल अपनी मन पसंद कंपनी की ही महंगी दवाई लिखते हैं और मरीजों को इन्हीं दवाईयों को खरीदने के लिए विवश करते हैं। इन महंगी दवाईयों में गुणवत्ता का भी अभाव रहता है और दवाई मरीज खाता रहे तथा उनकी दवाइयां बिकती रहे एवं डॉक्टरों के पास मरीज लगातार आता रहे। यही भावना आज चिकित्सकों व निजी अस्पतालों की हो गई हैं। जिसका दूर किया जाना आवश्यक है।

### विज्ञापन प्रकाशन की समय पर जानकारी नहीं दी, प्रकाशक और मुद्रक के विरुद्ध कार्यवाई

जगदलपुर (आरएनएस)। विज्ञापन प्रकाशन की जानकारी समय पर नहीं देने के कारण प्रकाशक शैलेन्द्र भदौरिया और मुद्रक भवानी प्रिंटर्स के संचालक शिव जैन के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

### सप्रेशाला मैदान से स्कूटी की डिक्की से मोबाइल चोरी

रायपुर,24 अक्टूबर (आरएनएस)। राजधानी में सक्रिय मोबाइल चोर ने सप्रेशाला बॉलीबाल खेल मैदान के पास पार्किंग में खड़ी स्कूटी के डिक्की से मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। पीड़िता ने थाना कोतवाली में डिक्की मे रखे 1 नग वीवा कम्पनी का मोबाइल चोरी की रिपोर्ट मंगलवार को दर्ज कराया है।

## चुनावी ड्यूटी नहीं करने की अर्जी देने वालों की पोल खुली आधे शिक्षक मिले फिट

दुर्ग। अपने आप को अनफिट बताकर चुनावी ड्यूटी नहीं करने की अर्जी देने वालों की पोल तब खुल गई जब प्रशासन ने उनकी मेडिकल जांच करवा दी। 60 शिक्षक-कर्मचारी में से 30 मेडिकल जांच में फिट पाए गए हैं। जिला निर्वाचन द्वारा विधानसभा चुनाव में ड्यूटी लगाई गई है। इनमें शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के 60 कर्मचारियों ने अपनी ड्यूटी निरस्त करने के लिए आवेदन दिए। उन्होंने ड्यूटी नहीं करने का कारण खुद को बीमारी से ग्रसित होना बताया और बकायदा इलाज की पर्ची भी लगा दी। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर उमेश कुमार अग्रवाल ने चुनावी ड्यूटी से मुक्त होने के लिए अर्जी देने वालों की मेडिकल बोर्ड से जांच करवाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी हेमंत उपाध्याय को दिए थे। निर्देश पर सर्वशिक्षा अभियान के परियोजना कार्यालय के हॉल में मेडिकल बोर्ड के दो डॉक्टरों ने उनकी स्वास्थ्य की जांच की। चुनावी ड्यूटी को लेकर किसी कर्मचारी ने हार्ट की तो, किसी ने चल नहीं पाने सहित




अन्य बीमारी को वजह बताई थी। जिला अस्पताल के मेडिकल बोर्ड के मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. मनोज दानी और आर्थो स्पेशलिस्ट डॉ. डीके तिवारी ने मंगलवार को 60 शिक्षक व कर्मचारियों की बीमारी जांची। इसमें से केवल 26 लोग ही अनफिट मिले हैं। मेडिकल बोर्ड की टीम में एक स्त्री रोग विशेषज्ञ को भी शामिल किया गया था, लेकिन वह नहीं आ पाई। उनके नहीं आने पर गायनिक प्रॉब्लम से जुड़ी महिला कर्मचारियों को जिला अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में भी स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं मिली।

इसलिए ऐसे महिला कर्मचारियों की मेडिकल जांच रुक गई। सूत्रों के मुताबिक चार महिला कर्मचारियों ने गायनिक प्रॉब्लम होने की अर्जी लगाई है।

### पहली बार मेडिकल बोर्ड से जांच

**ऐसा पहली बार हो रहा है कि कोई चुनाव में कर्मचारियों की ड्यूटी को निरस्त करने के लिए मेडिकल बोर्ड बैठा दी गई हो। इसके पहले डॉक्टरों के इलाज की पर्ची को आधार मानकर कर्मचारी की चुनावी ड्यूटी रद कर दी जाती थी। इस बार जिला निर्वाचन आयोग ने सख्त रवैया अपनाते हुए उन्हीं कर्मचारियों की ड्यूटी निरस्त करेगी जिसे मेडिकल बोर्ड ने अनफिट घोषित किया है।**

### आधे कर्मियों के दावे फेल

**चुनावी ड्यूटी से मुक्त करने के लिए सभी विभागों के 60 शिक्षक व कर्मचारियों ने अर्जी दी थी। कलेक्टर के निर्देश पर इनकी मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों से जांच करवाई गई, जिसमें 30 फिट पाए गए हैं। चार महिलाओं की जांच बुधवार को होगी।**

## आदिवासियों के हितों की करेंगे रक्षा - जोगी

| बंदूक से नही वार्ता से करेगे नक्सलवाद का खात्मा | छत्तीसगढ़ को फिर से बनायेगें शांति का टापू | बस्तर से चलेगी छत्तीसगढ़ की सरकार | दंतेवाड़ा, सुकमा में जोगी ने किया चुनाव प्रचार का आगाज |
|---|---|---|---|



रायपुर (आरएनएस)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के सुप्रीमो अजीत जोगी आज बस्तर पहुंचे एवं महागठबंधन सीपीआई के दंतेवाड़ा प्रत्याशी नन्दाराम सोढ़ी व सुकमा प्रत्याशी मनीष कुंजाम के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान जोगी ने हाई स्कूल दंतेवाड़ा एवं सुकमा में हजारो की संख्या में उपस्थित बस्तरवासियो को संबोधित करते हुए कहा आदिवासी देश की पूंजी है और छत्तीसगढ़ का अभिन्न अंग है। आदिवासियो के हितों के साथ अन्याय होने नही देगे बल्कि आदिवासियो के हितो की रक्षा करेगें। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की सरकार रायपुर से नही बल्कि बस्तर से संचालित होगी बीते 15 साल में बस्तर पिछड़ा हुआ है यदि बस्तर का विकास होगा तो छत्तीसगढ़ का विकास होगा वही जोगी ने छत्तीसगढ़ की प्रमुख समस्या नक्सलवाद पर अपने उद्बोधन में कहा नक्सलवाद का खात्मा बंदूक से नही वार्ता से करेगें और छत्तीसगढ़ को भारत में फिर से एक बार शांति का टापू बनाऐगें।

जोगी ने बस्तर के सम्पूर्ण विकास के लिए दंतेवाड़ा से नंदाराम सोढ़ी एवं सुकमा से मनीष कुंजाम को भारी मतो से चुनाव जिताकर सरकार बनाने में सहयोग करने की जनता से अपील की। इस दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने दोनों हाथ उठाकर जोगी का समर्थन किया।

### सड़क पर मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

जशपुर (आरएनएस)। जिले के पथलगांव थाना के अंतर्गत ग्राम पंगसुवा रोड में सड़क पर एक युवक का शव मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई और लोगों की लाश देखने के लिए जमघट लग गया। घटना की सूचना तत्काल पत्थलगांव पुलिस को दी गई। पुलिस को सूचना मिलते ही वारदात की जगह रवाना हो गई।

बुधवार की सुबह सड़क पर राहगीरों द्वारा आवाजाही के दौरान सड़क पर उन्हें एक शव दिखाई दिया। लाश पड़े होने की सूचना मिलते ही पूरे गांव में हड़कम्प मच गया और लोगों का जमघट लग गया। लाख कोशिशों के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। इस घटना की जानकारी तत्काल पत्थलगांव पुलिस को दी, सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा मौके वारदात पर निकलने की बात कही।ग्रामीणों की मानें तो युवक के सिर पर चोटों के निशान हैं, उसका लूट कर हत्या की आशंका जताई जा रही है, उसके शव के इर्द गिर्द मोबाइल सिम पड़े दिखाई दे रहे है। मृतक की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 पी 5430 में भी गिरने के कुछ निशान दिखाई नही दे रहे। यही कारण है कि ग्रामीण द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। मौत का कारण क्या है पुलिस जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

## एक ही फ्लैट को तीन लोगों को बिक्री करने वाले पर जुर्म दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। थाना सिविल लाईन में प्रार्थी मंदार बराडकर उम्र 35 साल निवासी डाय फैक्ट्री सामने जेल रोड फाफाहीह ने मंगलवार को दो आरोपियों के खिलाफ एक ही फ्लैट को तीन लोगों को बेचने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक घटना स्थल न्यायालय परिसर पंजियन कार्यालय में आरोपी विकाश जैन एवं आशीष जैन जल विहार कालोनी निवासी जो मेसर्स आर.के.जैन कंसट्रक्शन ने फ्लैट बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी किया। आरोपियों ने खुशी टावर




नामक फ्लेट के ब्लाक ए फ्लेट नं. 502 को पूर्व में प्रतिभा बाग के पास 25 लाख 24 हजार रू में बिक्री कर पंजाब नेशनल बैंक से लोन स्वीकृत करा लिया। इसके बाद फ्लेट को पुनः शशि ठाकुर के पास 12 लाख 62 हजार रू मे बिक्री कर दी। फिर पुनः इसी फ्लेट को मंदार के पास 17 लाख 46 हजार रू में बिक्री कर जम्मु एण्ड कश्मीर बैंक से फाइनेंस कराकर रकम हज म कर दिया। धोखाधड़ी के शिकार तीनों मामले में मजिस्टेट के बाद पुलिस ने प्रकरण को विवेचना में लिया गया है । इसके अलावा जमीन व मकान धोखाधड़ी के मामले में थाना गोलबाजार प्रार्थी अशोक कुमार वर्मा निवासी अश्वनी नगर की शिकायत पर आरोपी मधुसूदन मिश्रा व पत्नि श्रीमति इंदू मिश्रा दोनों के द्वारा 1 लाख रुपए उधार

रकम के बदले जमीन का फर्जीवाड़ा दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी किया।

## राम मंदिर को जल्द बनाने के लिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने उठाया यह कदम, जानिए

पुणे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने अयोध्या में राम मंदिर के शीघ्र निर्माण के लिए मंगलवार को यहां प्रसिद्ध गणेश मंदिर में विशेष प्रार्थना की. गणेश मंदिर के पुरोहित ने यह दावा किया है. संघ प्रमुख ने श्रीमंत दगडुसेठ हलवाई गणपति मंदिर में पुरोहित मिलिंद राहुरकर के मार्गदर्शन में अभिषेक (विशेष प्रार्थना) किया. बाद में मीडिया से बातचीत में आरएसएस प्रमुख ने कहा, 'आज यहां आने और (भगवान गणेश) का आशीर्वाद लेने का सही समय है. चूंकि मैं यहां था, अतएव अभिषेक की सलाह दी गयी और फिर अभिषेक अर्पित किया गया.




हालांकि, उन्होंने विशेष प्रार्थना करने के पीछे की वजह नहीं बतायी. राहुरकार द्वारा मंत्रोच्चार करने और पीछे पीछे भागवत द्वारा उसे दोहराने वाला एक वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. इस छोटे से क्लिप में आरएसएस प्रमुख 'राममंदिर' और 'रामराज्य' शब्द कहते हुए नजर आ रहे हैं. राहुरकार ने संवाददाताओं से कहा कि भागवत ने देश के नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद मांगा तथा विश्वशांति एवं मानवजाति के कल्याण की प्रार्थना की. उन्होंने कहा कि अयोध्या में राममंदिर के शीघ्र निर्माण के लिए और रामराज्य को वास्तविकता बनाने के लिए भी प्रार्थना अर्पित की गयी.

## वीरे दी वेडिंग कर खुशी हुई : करीना

अभिनेत्री करीना कपूर खान का कहना है कि उन्हें खुशी है कि वह फिल्म वीरे दी वेडिंग का हिस्सा थी। यह फिल्म चार महिला दोस्तों की कहानी थी। करीना ने बयान में कहा, यह फिल्म मेरी उन फिल्म से काफी अलग थी, जिन्हें मैंने पहले किया है। मैंने जिन फिल्मों में काम किया उनमें मुख्य किरदार पुरुष का था। यह कहानी उन चार लड़कियों के बारे में थी जो अपने जिंदगी के अलग-अलग पड़ाव पर थीं। उन्होंने कहा, मैंने जिस पल इसकी पटकथा पढ़ी तभी से मैं फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थी। मुझे बहुत खुशी है कि हमने इस तरह की दोस्ती पर एक फिल्म बनाई है।



वीरे दी वेडिंग एक ऐसी फिल्म है जिसका हर कोई पूरे परिवार के साथ आनंद ले सकता है। इसमें हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। वहीं, सोनम ने फिल्म के बारे में कहा, वीरे दी वेडिंग महिला मित्रों के एक समूह की सामान्य और प्रासंगिक कहानी है। हर कोई फिल्म से जुड़ सकता है क्योंकि यह चार दोस्तों की यात्रा के बारे में बात करती है और दर्शक इन पात्रों के जीवन जी सकते हैं।



## सीआरपीएफ जवान ने गोली मार कर की खुदकुशी

सुकमा। सीआरपीएफ के आरक्षक ने खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली, आत्महत्या का कारण अभी सामने नहीं आया है। आरक्षक जवान कुलदीप सीआरपीएफ के सकेंड बटालियन में शामिल था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एक लिप बाम से बनेंगे कई सारे काम

लिप बाम का इस्तेमाल अमूमन फटे होठों से बचने के लिए किया जाता है। हालांकि, इसका प्रयोग रूखे बालों को मुलायम बनाने, पैरों के छालों से बचने और कई अन्य तरह से भी किया जा सकता है। आइए लिप बाम के अनोखे इस्तेमाल के बारे में जानें...



**पैरों को छालों से बचाए**

नए जूते या सैंडल पहनने से पैरों में छाले पड़ जाते है। छालों से बचने के लिए जूते या सैंडल पहनने से पहले आप पैरों की अंगुलियों और एड़ी पर लिप बाम लगा लें। इससे पैरों में छाले नहीं पड़ेंगे।

**मेकअप की तरह**

अगर आपको आइब्रो बनाने का वक्त नहीं मिल पा रहा है तो अंगुली पर थोड़ा लिप बाम लेकर उसे आइब्रो पर लगा लें। इससे आइब्रो की शेप सही दिखने लगेगी। साथ ही लिप बाम को चीक बोन्स पर लगाकर गालों को शाइनी बनाया जा सकता है।

**ये भी हैं इस्तेमाल**

अगर जींस या किसी और चीज की चेन काम नहीं कर रही है तो चेन पर आप लिप बाम लगा सकते हैं। लिपबाम लुब्रिकेंट की तरह काम करता है और इससे चेन बार-बार अटकती नहीं है। इसके अलावा, अगर अंगुली में अंगूठी अटक गई है तो थोड़ा सा लिप बाम लगाकर आप अंगूठी को बाहर निकाल सकते हैं।

## ब्राजील : महिला के साथ बेहद अजीब सी थैली में पेट से बाहर निकल आए बच्चें, जाने पूरी कहानी

ब्राजील में एक महिला के साथ बेहद अजीब घटना हुई। दरअसल उसकी डिलवरी के दौरान उसके 3 बच्चों ने जन्म लिया पहला बच्चा तो एक दम सही था पर जब जब दूसरे और तीसरे बच्चे बाहर आए तो वो एक पॉलीथिन जैसे आवरण में थे। डॉक्टर्स और बाकी स्टाफ के लिए ये बिल्कुल नया और पहला अनुभव था। कुछ समय के लिए तो



डॉ भी मौन हो गए थे। बच्चा तो इस थैली में करीब 7 मिनट तक सोते रहे। डॉक्टर्स का कहना है कि जिंदगी में मुश्किल से ही ऐसी चीजें देखने का मौका मिलता है।बाहर आने के बाद दोनों बच्चे करीब 7 मिनट तक सोते रही। वहीं, उसे देखने के बाद डॉक्टर्स और मेडिकल स्टाफ का मन नहीं हुआ कि सैक तुरंत काटा जाए। डॉ. रॉड्रिगो ने कहा कि हम इस तरह सैक काटकर उसकी नींद नहीं खराब करना चाहते थे। वो इत्मिनान से उसे सहलाते रहे और उसके जगने का इंतजार करते रहे। बच्ची जब नींद से जागी तब उसका एमनियॉटिक सैक काटा गया और उसे अपनी मां और बाकी मसिबलिंग्स के साथ लिटाया गया। मामला साओ पाउलो का है, जहां डॉक्टर रॉड्रिगो फिल्हो ऑपरेशन से एक महिला की डिलिवरी करा रहे थे। महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया। इनमें से एक बच्चे का जन्म तो सामान्य था लेकिन बाकी के दो बच्चे एक आवरण के साथ पैदा हुए, जिसे एमनियॉटिक सैक कहते हैं। डॉक्टर्स के मुताबिक, आमतौर पर ये आवरण बच्चों के जन्म के वक्त टूट जाता है, पर इस मामले में ऐसा नहीं हुआ।